वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांक: 2203 / गोप0 / 21

दिनांक: 01.10.2021

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

विषय :– बी.एड. प्रथम सेमेस्टर 2021 के सेशनल अंक दो कार्य दिवसों में प्राप्त कराने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि बी.एड. प्रथम सेमेस्टर 2021 की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य समाप्त हो चुका है तथा परीक्षाफल शीघ्र घोषित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। परीक्षा परिणाम तैयार किये जाने हेतु सेशनल अंक की अनिवार्यता है। अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा अभी तक सेशनल अंक प्राप्त नहीं कराये गये हैं।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया जिन महाविद्यालयों द्वारा बी.एड. प्रथम सेमेस्टर 2021 के सेशनल अंक विश्वविद्यालय को प्राप्त नहीं कराये गये हैं, वे प्रत्येक दशा में दो कार्य दिवसों में सेशनल अंक प्राप्त कराना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षाफल घोषित किया जा सके। यदि सेशनल अंक प्राप्त न होने के कारण किसी छात्र का परीक्षा परिणाम अपूर्ण रहता है तो इसके लिए महाविद्यालय प्रशासन उत्तरदायी होगा।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. विशेष कार्याधिकारी कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वेबमास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
3. समाचार सम्पादक, अमर उजाला, हिन्दुस्तान, दैनिक जागरण को इस आशय से प्रेषित कि कृपया वे अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के आगामी अंक में किसी ऐसे पृष्ठ पर जो पूर्वांचल के समस्त जनपदों में पहुँचता हो, उक्त सूचना निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

01/X/2021

सहायक कुलसचिव
(गोपनीय)